# ISWK SHARING KNOWLEDGE

Class IX

Subject- Hindi Second Language

Topic-

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

By- आचार्य सुशील शर्मा

©ISWK

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

1. सामान्य कथनात्मक वाक्य (विधानार्थक वाक्य) - {Assertive Sentence}
2. इच्छार्थक वाक्य {Illative Sentence} -
3. प्रश्नवाचक वाक्य - { Interrogative Sentence}
4. निषेधात्मक वाक्य { Negative Sentence }
5. विस्मयादि बोधक वाक्य- { Exclamatory Sentence}
6. संदेहार्थक वाक्य / संदेह सूचक वाक्य { Indicating doubt Sentence}
7. आज्ञार्थक वाक्य / आदेशार्थक वाक्य { Imperative Sentence }
8. संकेतार्थक वाक्य - { Conditional Sentence }

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

1. सामान्य कथनात्मक वाक्य (विधिवाचक वाक्य या विधानार्थक वाक्य) - {Assertive Sentence}
   जिस वाक्य से किसी कार्य के होने या करने का पता चले या जिससे किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है या किसी प्रश्न का उत्तर दिया जाता है ।

जैसे -

- अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहे हैं ।
- महेश विद्यालय जाएगा ।
- छात्र खेल चुके हैं ।
- हमारा देश भारत है ।
- लड़की पुस्तक पढ़ती है ।
- मेहनती विद्यार्थी सफल होते हैं ।
- भरत के पिता का नाम दशरथ था ।

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

**2. इच्छार्थक वाक्य {Illative Sentence} -**

**इसमें इच्छा, आशीर्वाद या प्रशंसा सूचित करने वाले वाक्य होते हैं ।**

**जैसे-**

- ईश्वर तुम्हें दीर्घायु प्रदान करें ।
- नव वर्ष मंगलमय हो ।
- दूधों नहाओ, पूतों फलो ।
- तुम्हारा हर कार्य सफल हो ।
- ईश्वर तुम्हें मनचाही खुशियाँ दें ।
- पुत्र, तुम अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो जाओ ।

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

3. प्रश्नवाचक वाक्य - { Interrogative Sentence}
जिस वाक्य में किसी तरह के प्रश्न का बोध हो / वह वाक्य जिसके द्वारा किसी का प्रकार प्रश्न किया जाता है { कहाँ, कब, कैसे, क्यों, किसका आदि }

**जैसे-**

1. आप दिल्ली कब जाएँगे ?

- ✓ चंद्रगुप्त कहाँ के राजा थे ?
- ✓ मेरी पुस्तक कहाँ है ?
- ✓ तुम्हारे पापा कब आएँगे ?
- ✓ कोहली ने कितने रन बनाए ?
- ✓ क्या तुम्हें तैरना आता है ?

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

4. निषेधात्मक वाक्य { Negative Sentence }
   ये वाक्य नकारात्मक होते हैं, और न, नहीं अथवा मत लगाकर बनाए जाते हैं l इन वाक्यों से कार्य न होने का भाव प्रकट होता है l
   जैसे -

- न मैं घर ही जा सका और न कोई सूचना दे पाया l
- तुमने गाना नहीं गया l
- वह विद्‍यालय नहीं जाएगा l
- आप यहाँ कल नहीं आए थे l
- बेटे, दूसरों की चीजें मत छूना l
- शीला ने खाना नहीं खाया l
- ठंडे पानी से मत नहाना l
- ठंडा पीज़ा मत खाना l

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

5. विस्मयादि बोधक वाक्य- { Exclamatory Sentence}
वह वाक्य जिससे किसी प्रकार की गहरी अनुभूति का प्रदर्शन किया जाता है ।
वह वाक्य जिनके द्वारा आश्चर्य, प्रसन्नता, दुःख, शोक, घृणा आदि के भावों का बोध होता हो ।

जैसे -

- अहा ! कितना सुन्दर दृश्य है ।
- अफसोस ! अमन फेल हो गया ।
- ओह ! कितनी डरावनी रात है ।
- छिः ! यहाँ बहुत बदबू है ।
- वाह ! कितना सुहाना मौसम है ।

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

6. संदेहार्थक वाक्य / संदेह सूचक वाक्य { Indicating doubt Sentence}
जिस वाक्य में संदेह, शंका या संभावना की सूचना दी गई हो या जहाँ संदेह {शक} प्रकट हो ।

जैसे -

- शायद लड़की नाचेगी ।
- संभवत: में आज सोहार जाऊँगा ।
- वह पढ़ रहा होगा ।
- रीमा ने खाना खा लिया होगा ।
- सोहन चला गया होगा ।
- शायद वह यहाँ आए ।
- वह आता होगा ।

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

7. आज्ञार्थक वाक्य / आदेशार्थक वाक्य { Imperative Sentence }
जिस वाक्य में किसी तरह का उपदेश, आज्ञा व आदेश दिया गया हो / वह वाक्य जिसके द्वारा किसी प्रकार की आज्ञा दी जाती है या अनुरोध / निवेदन किया जाता है ।

जैसे -

- ❖ कृपया यहाँ बैठ जाइए ।
- ❖ शांत रहो ।
- ❖ तुम बाहर जा सकते हो ।
- ❖ आप यहाँ से चले जाइए ।
- ❖ तुम बाज़ार जा सकते हो ।
- ❖ कल सभी प्रश्न हल करके लाना ।
- ❖ कृपया शांति बनाए रखें ।

# अर्थ के आधार पर वाक्य - भेद

**8. संकेतार्थक वाक्य - { Conditional Sentence }**

जिन वाक्यों में किसी संकेत का बोध होता है ।

जैसे -

- ✓ राम इधर रहता है ।
- ✓ मेरा विद्यालय उधर है ।
- ✓ यदि तुमने मेहनत की होती तो तुम सफल हो जाते ।
- ✓ यदि गर्मी पड़ती तो पानी बरसता ।
- ✓ यदि तुम शिमला चलो तो मैं भी चलूँगा ।

# अभ्यास-कार्य {अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद बताइए}

1. वाह ! कितना मनमोहक दृश्य है ।
2. शायद वह मेरी बात सुनेगा ।
3. मेरा घर उधर है ।
4. अध्यापिका कक्षा में पढ़ा रही है ।
5. तुम भारत कब जाओगे ।
6. तुम्हारी सारी इच्छाएँ पूर्ण हों ।
7. हाय ! शर्म के मारे मैं मरी ।
8. आप कितने बजे सोते हैं ?
9. आप यहाँ मत आइए ।
10. वह सत्य नहीं बोलता ।
11. छि: ! यहाँ बहुत बदबू है ।
12. यदि तुमने माँ की बात मानी होती तो तुम सफल हो जाते ।

# अभ्यास-कार्य {अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद बताइए} उत्तर सहित

1. वाह ! कितना मनमोहक दृश्य है । विस्मयादिबोधक ।
2. शायद वह मेरी बात सुनेगा । संदेहार्थक वाक्य ।
3. मेरा घर उधर है । संकेतार्थक वाक्य ।
4. अध्यापिका कक्षा में पढ़ा रही है ।
   सामान्य कथनात्मक वाक्य ।
1. तुम भारत कब जाओगे ? प्रश्नवाचक वाक्य ।
2. तुम्हारी सारी इच्छाएँ पूर्ण हों । इच्छार्थक वाक्य ।
3. हाय ! शर्म के मारे मैं मरी । विस्मयादिबोधक ।

8. आप कितने बजे सोते हैं ? प्रश्नवाचक वाक्य ।
9. आप यहाँ मत आइए । निषेधात्मक वाक्य ।
10. वह सत्य नहीं बोलता । निषेधात्मक वाक्य ।
11. छि: ! यहाँ बहुत बदबू है । विस्मयादिबोधक ।
12. यदि तुमने माँ की बात मानी होती तो तुम सफल हो जाते । संकेतार्थक वाक्य ।

# धन्यवाद

स्वस्थ रहें! सुरक्षित रहें!

घर में रहें !!!